हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार,22 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 23 .6 डिग्री
न्यूनतम 4 .2 डिग्री





## खबर संक्षेप

### पानीपात पुलिस ने बाइक चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर नाका पर गौरव पुत्र जनेश्वर निवासी गांव नंहेडा जिला पानीपत को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना किला में विकास पुत्र सतीश निवासी रॉजीव कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### ट्रेन में महिला का पर्स चोरी 90 हजार का हुआ नुकसान

**अंबाला।** हीराकुंड एक्सप्रेस में ब्यास से बिलासपुर तक सफर कर रही 60 साल की महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया। पर्स में जेवर, कैश और मोबाइल समेत अन्य सामान था। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की रहने वाली राजकुमारी मिहानी ने बताया कि वह 7 दिसंबर को गाड़ी नंबर-20808 में ब्यास से बिलासपुर जा रही थी। ट्रेन अंबाला रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो उसका पर्स चोरी हो गया।

### बदमाशों ने घर लौट रहे युवक से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** गांव दड़वा के पास दूध देकर घर लौट रहे युवक से चार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। गांव दड़वा निवासी सुखविंद्र ने बताया कि रात को करीब साढ़े आठ बजे वह दूध देकर घर लौट रहा था तो उसकी बाइक को तेल खत्म हो गया। जब वह अपने गांव के पास पहुंचा तो गन्ने के खेत से निकलकर चार युवक आए।आरोपियों ने आते ही उसकी जेब से मोबाइल छीन लिया।

### बस की टक्कर से सेवानिवृत कर्मी की मौत

**यमुनानगर।** गांव हडौली निवासी व रोडवेज विभाग से सेवानिवृत सतपाल सैनी की सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रही रोडवेज की बस की चपेट में आने से मौत हो गई।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान गई

**यमुनानगर।** गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी गुलशन कुमार ने बताया कि वह बुधवार को चारा लेकर वापस लौट रहा था तो आनंद लोक कॉलोनी के पास उसने देखा कि एक तेज गति से आ रही कार ने एक बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। उसने घायल के पास जाकर देखा तो वह उनके गांव का ही विक्रम था। परिजनों के मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ब्रह्मसरोवर के पवित्र घाट बने कला और संस्कृति का संगम स्थल

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर पवित्र ब्रहमसरोवर के घाट कला और संस्कृति के अदभुत संगम स्थल बन गए हैं। इस दृश्य का आनंद लेने और अपने मोबाइल में कैद करने के लिए देश और प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु और पर्यटक बड़े उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। इन पर्यटकों का उत्साह उस समय झलकता है जब विभिन्न प्रदेशों के वाद्य यंत्रों और लोक नृत्यों के साथ पर्यटक झूम उठते हैं। अहम पहलू यह है कि हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहर संजोए बेजोड़ नमूने, हरियाणा की आन-बान-शान देहाती पगड़ी, हरियाणा के पारम्परिक व्यंजन, देशी ठाठ-बाट, रहन-सहन, खेत-खलिहान, मध्य प्रदेश के पवेलियन में झलकती सांस्कृतिक धरोहर इस महोत्सव के आनंद को ओर बढ़ाने का काम कर रही है।

- अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रदेश ही नहीं देश वासियों का एक विशेष उत्सव बन चुका

महोत्सव के 15वें दिन सरस और शिल्प मेले का आनंद लेने और खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक ब्रहमसरोवर के घाटों पर नजर आए। यह महोत्सव चरम सीमा पर पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में भी लाखों लोगों के पहुंचने की सम्भावना है। इस महोत्सव में लगातार बढ़ रही भीड़ से यह आकलन किया जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रदेश ही नहीं देश वासियों का एक विशेष उत्सव बन चुका है और इस उत्सव में अपनी भागीदारी और मौजूदगी को दर्ज करवाने के लिए देश-विदेश से लोग ब्रहमसरोवर के तट पर पहुंच रहे है। विभिन्न प्रदेशों की लोक और शिल्प कलाओं को देखकर ऐसा मालूम होता है कि इन कलाओं का यह संगम पर्यटकों को अपनी ओर चुम्बक की तरह खींच रहा है। इस महोत्सव के शिल्प और सरस मेले का 24 दिसंबर तक आनंद लिया जा सकेगा।



## कलाकृतियां बनी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का श्रृंगार



गीता महोत्सव 2023 में विभिन्न राज्यों की कला से ब्रह्मसरोवर चमक उठा है। इस महोत्सव में अपनी श्रेष्ठता को प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में से एक हैं श्री सुधीर कुमार, जो 20 साल से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर अपनी कलाकृतियों से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। स्टॉल न 33 पर मौजूद स्टोन वर्क पेंटिंग, क्रिस्टल पेंटिंग, 5जी पेंटिंग, तांबे से बनी पेंटिंग, बबल्स पेटिंग, लकड़ी से बनी पेंटिंग और कैनवस पेंटिंग जैसी अद्भुत कलाकृतियां उनकी कला की विविधता को दर्शाती हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में अपने 20 साल के अनुभव के बारे में बताते हुए सुधीर कुमार ने कहा की हर साल उन्हें यहां आए लोगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है जो उन्हे अगले साल दोबारा आने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। पर्यटकों के द्वारा उनकी कला की कदर और प्रशंसा उनके लिए किसी पुरुस्कार से कम नहीं है। स्टोन वर्क जैसी अदभुत कला के लिए सुधीर कुमार को वर्ष 1999 में उस समय के गवर्नर अंशुमान सिंह द्वारा राजस्थान राजकीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। स्टोन वर्क पेंटिंग दिन में तो अपनी सुन्दरता बिखेरती ही है, साथ ही इस पर लगे पत्थरों की वजह से यह रात में भी चमकती है जो इस कला की खासियत है। पिताजी के देहांत के बाद उन्हें सरकारी नौकरी मिली लेकिन अपने छोटे भाई को किसी कारोबार में सफलता न मिलने के कारण उन्होंने अपने छोटे भाई को वह नौकरी सौंप दी और महज 200 रुपए से अपना पेंटिंग का कारोबार शुरू किया। आज उनके पास 200 रुपए से लेकर 4000 रुपए तक की पेंटिंग्स मौजूद हैं। मेहनत और संघर्ष के रास्ते पर चलकर आज वे अपनी कार गर्व से चला रहे हैं जो उनके लिए एक बड़ी कमाई है।

## बारीकी का अनोखा नमूना है अजमेर के कलाकार की किशनगढ़ी चित्रकला



अजमेर के सुप्रसिद्ध कलाकार, पुष्पेंद्र साहू, ने इस बार के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में स्टॉल न 137 पर अपने अद्भुत कला को किया प्रदर्शित। किशनगढ़ चित्रकला में इनके परिवार की पुस्तैनी माहिरी होने के कारण पुष्पेंद्र साहू ने इस कला को अपनाया और इस बार ये इस महोत्सव में अपनी कुछ बेहद खूबसूरत और बारीक काम वाली पेंटिंग्स लेकर पधारे हैं। ये विशेष रूप से बनिठानी और पिछवाई पेंटिंग्स के लिए मशहूर हैं। पिचवाई पेंटिंग्स और विभिन्न पोस्ट कार्ड और प्राचीन स्टैम्प्स पर नगरी कला की छवियाँ भी इनके द्वारा प्रदर्शित की जा रही हैं। किशनगढ़ चित्रकला के बारे में बताते हुए पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि इस कला का प्रयोग भारत सरकार के द्वारा डाक टिकट पर भी किया जा चुका है। इस कला से बनी मशहूर पेंटिंग इंडियन मोनालिसा ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी अपनी जगह बनाई है, जो सावन सिंह जी के शासनकाल में निहाल चंद कलाकार ने बनाई थी। पुष्पेंद्र साहू की सबसे बेहतरीन कामों में से एक पेंटिंग है दोहरे महारास लीला पेंटिंग। इस पेंटिंग की खासियत है इस में किया गया 24 कैरेट सोने का काम और इसका अद्वितीय डिजाइन। इसका मूल्य डेढ़ लाख रुपए से दो लाख रुपए तक है और ये इनकी सबसे महंगी पेंटिंग है। इसके साथ ही, साहू ने पुराने पोस्टकार्ड और प्राचीन स्टैम्प्स पर भी छोटे चित्रों का निर्माण किया है, जिनमें सबसे सस्ता पोस्टकार्ड चित्र 250 रुपये का है।

## महिला एवं बाल विकास की योजनाओं से रुबरु हो रहे है पर्यटक

गीता महोत्सव में लगाई गई राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं जनहितकारी नीतियों के बारे में बताया जा रहा है। विभाग के स्टॉल पर केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के बारे में जानकारी दी जा रही है कि एडॉप्शन के लिए क्या और क्या न करें। स्टॉल पर मौजूद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोद लेने के लिए किसी भी नर्सिंग होम, अस्पताल, प्रसूति गृह, अनाधिकृत संस्थान या व्यक्ति से सम्पर्क न करें, कोई भी गलत दस्तावेज अपलोड न करे अन्यथा आपका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। कारा दिशा-निर्देशों में निर्धारित के अलावा किसी भी अतिरिक्त गोद लेने के शुल्क का भुगतान न करें, निर्देशों के अनुसार दस्तावेज अपलोड करें, दलालों बिचौलियों से दूर रहे, गोद लेने में दलालों बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होती। वे आपको अवैध रूप से बच्चा गोद लेने के लिए गुमराह करेंगे। अवैध गोद लेने के माध्यम से आप अनजाने में बाल तस्करी नेटवर्क का हिस्सा बन सकते है और कानूनी दुष्परिणामों से खुद को बचाए।




## वर्चुअल रियलिटी से पर्यटक कर रहे ज्योतिसर तीर्थ के दर्शन



गीता महोत्सव में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा लगाई गई राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में जहां विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी मिल रही है वहीं पर वर्चुअल रियलटी गोगल के द्वारा गीता स्थली ज्योतिसर के साक्षात दर्शन किए जाने की तकनीकी सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। इस वर्चुअल तकनीक से ज्योतिसर तीर्थ के साक्षात दर्शन करने के लिए पर्यटकों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। केडीबी के सदस्य डॉ. ऋषिपाल मथाना व अशोक रोशा ने वर्चुअल रियलिटी गोगल से गीता स्थली ज्योतिसर की डाक्यूमेंट्री को देखा। उन्होंने इस तकनीक सुविधा की सराहना करते हुए कहा कि इस तकनीक के द्वारा गीता स्थली ज्योतिसर के साक्षात दर्शन हो जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे ज्योतिसर में ही खड़े हैं और हम वहां के धार्मिक स्थलों का नजदीक से दर्शन कर पा रहे हैं। बुजुर्ग ओपी गुप्ता ने वीआर तकनीक से गीता स्थली ज्योतिसर के दर्शन करने के बाद कहा कि यह एक बढिया प्रयास है, जिससे ऐसा अनुभव होता है कि हम ज्योतिसर में पहुंचकर गीता स्थली का दर्शन कर रहे हैं।

## हैंडमेड चॉकलेट बनी बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों की पहली पसंद

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर आगामी 24 दिसंबर तक चलने वाले सरस मेले में इस बार बच्चों की पसंद का विशेष ध्यान रखा गया है। बच्चों के लिए मेले में स्वादिष्ट चॉकलेट्स उपलब्ध हैं और बड़ी बात तो यह है कि यह चॉकलेट्स हैंडमेड हैं और 50 से भी ज्यादा फ्लेवर में उपलब्ध इन चॉकलेट्स को देखकर बच्चे तो बच्चे, बड़ी उम्र के चॉकलेट शौकीन भी अपने आप को रोक नहीं पा रहे और चॉकलेट लेने के लिए मेले में भीड़ लगी हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में यह चॉकलेट्स ब्रह्मसरोवर के घाट पर लगे सरस मेले के स्टॉल नंबर 172 पर उपलब्ध हैं। स्टॉल पर मौजूद कपिल बताते हैं कि उनके द्वारा तैयार चॉकलेट्स किसी बड़े ब्रांड के चॉकलेट की तुलना में कहीं कम नही है। सबसे बड़ी खासियत तो यह है कि हैंडमेड चॉकलेट्स होने के बावजूद तैयार करते समय इनके हाइजीन होने का विशेष ध्यान रखा गया है। यह नंही ओरियो,डार्क, ऑरेंज, वनिला, कोकोनट, रबड़ी, क्रंच, फ्रूट ब्लास्ट, मिंट, एनर्जी बाईट और रोज सहित 50 से अधिक फ्लेवर में यह चॉकलेट्स स्टॉल पर उपलब्ध हैं। इनमें पान चोकलेट व राजभोग चॉकलेट सबसे अधिक पंसद की जा रही है।




## हरिद्वार से आए युवक का कार सवार लोगों ने किया अपहरण

**यमुनानगर।** हरिद्वार से यमुनानगर प्लाइवुड फैक्टरी में पुरानी मोटरें खरीदने आए युवक को ब्रेजा कार सवार चार लोगों ने अपहरण कर लिया। सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर चार लोग युवक को जबरदस्ती कार में बैठाते मिले। पुलिस ने युवक के चाचा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला हरिद्वार के गांव लिब्बरहेडी निवासी इकराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा सदाकत कबाड़ी का काम करता है। 18 दिसंबर को सदाकत अपने पार्टनर सलीम के साथ यमुनानगर प्लाईवुड फैक्टरी से पुरानी मोटरें खरीदने के लिए आए थे। इसके बाद सदाकत घर वापस नहीं लौटा। जब उन्होंने सलीम को फोन किया तो उसने बताया कि सदाकत की ब्रेजा कार सवार चार लोगो ने अपहरण कर लिया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो फैक्टरी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कैमरों में चार लोग सदाकत को ब्रेजा कार में जबरदस्ती बिठाते मिले। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पानीपत में ई-बस चार्जिंग स्टेशन बनाने की राशि मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- रोडवेज स्टैंड में इलेक्ट्रोनिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनेगा

पानीपत रोडवेज बस स्टैंड पूरी तरह से गांव सिवाह में बने नए बस स्टैंड पर जहां पूरी तरह से शिफ्ट हो गया है वहीं पुराना बस बड्डा की वर्कशॉप में इलेक्ट्रिक बसों का चाजिंर्ग स्टेशन बनाया जाएगा। इस पर करीब 10 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

ई-बस चार्जिंग स्टेशन बनाने की राशि मंजूर होते ही शहर में इलेक्ट्रिक बसों के जल्द आने की उम्मीद बंध गई हैं। चाजिंर्ग स्टेशन पर एक बार में 50 बसों को एक साथ चार्ज करने की सुविधा मिलेगी।

परिवहन विभाग इसकी रूपरेखा बना रहा है। पानीपत डिपो को 30 नई ई-बसें मिलनी हैं। इन बसों को चार्ज करने के लिए डिपो कर्मचारी कार्यशाला के अंदर चाजिंर्ग प्वाइंट बनाने की तैयारियां कर रहे हैं, ताकि रात में बसों को आसानी से चाजिंर्ग पर लगाया जा सके।

### पानीपत डिपो को जल्द ही 30 नई ई-बसें मिलेगी

चाजिंर्ग प्वाइंट लगवाने का काम बसों की खेप मिलने से पहले पूरा किया जाने के प्रयास किए शुरू हो चुके हैं, ताकि बसें आने पर चाजिंर्ग की समस्या ना आड़े आए। वहीं चाजिंर्ग प्वाइंट लगने और बसों का संचालन शुरू होने के बाद अन्य डीजल बसों को वर्कशॉप परिसर के बाहर आउट गेट की तरफ भी खड़ा किया जा सकता है। पानीपत रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप जांगडा ने बताया कि पानीपत डिपो को जल्द ही 30 नई ई-बसें मिलने वाली हैं, जिनमें 15 एसी बसें होगी। इन बसों को दिल्ली-चंडीगढ़ जैसे रूटों पर चलाने की चर्चा चल रही है। शहरवासियों को सुविधा देने के लिए 15 नॉन-एसी ई-बसों को सिटी बसों के तौर पर भी चलाया जा सकता है। एसी ई-बस 32 और नॉन एसी ई-बस 52 सीटर हो सकती है। ई-बसों की रेंज 300 किलोमीटर से अधिक होने का अनुमान है। ई-बसों का संचालन शुरू होने से पहले ही चाजिंर्ग स्टेशन बनाने का प्रयास रहेगा। बसों के रात्रि ठहराव को ध्यान में रखकर चाजिंर्ग स्टेशन वर्कशॉप में ही बनाया जाएगा, ताकि बसों को चार्ज करने में कोई परेशानी ना हो। जल्द मुख्यालय से काम शुरू होने के आदेश मिलने की उम्मीद है।

## अंबाला में 19 साल की युवती घर से लापता

**अंबाला।** 19 वर्षीय युवती घर से लापता हो गई। परिजनों को ढूंढ़ने पर कहीं सुराग नहीं लगा तो पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पिता ने कहा कि अगर कल उसकी बेटी को कुछ होता है तो वे जिम्मेवार नहीं होंगे। पुलिस को दी शिकायत में पिता ने बताया कि 17 दिसंबर की रात को वे भी खाना खाकर सो गए थे। उसकी बेटी भी अपने कमरे में सो गई। सुबह 5 बजे जब उसकी पत्नी उठी तो देखा कि बेटी घर से गायब है। पिता ने बताया कि उसकी बेटी 9वीं क्लास तक पढ़ी है। उसके बाद अपनी मम्मी के साथ काम करती थी। 3 साल पहले उसकी बेटी अपनी सगी बुआ के लड़के से प्यार कर बैठी थी। उन्होंने जब पता चला तो समझा दिया था। अब उसके भांजे की भी शादी हो चुकी है। पिता ने बताया कि उसकी बेटी के पास कोई मोबाइल नहीं था। अगर चोरी-छीपे कहीं रखती होगी तो उन्हें इसकी जानकारी नहीं। शिकायतकर्ता ने बताया कि जिस युवक पर उन्होंने शक था वह अपने घर है, लेकिन बेटी का कहीं सुराग नहीं लगा। पिता ने कहा कि अगर कल उसकी बेटी को कुछ होता है तो वे जिम्मेवार नहीं होंगे।

### एसोसिएशन की ओर से सीएम मनोहर लाल समेत कई अधिकारियों को भेजा गया पत्र

## राइस मिलर्स राज्य सरकार की पॉलिसी से नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

सीएमआर 2023-2024 के चावल भुगतान में अत्याधिक देरी होने से क्षेत्र के निजी चावल मिल मालिकों में भारी रोष व्याप्त है। मिल मालिकों ने प्रधानमंत्री, प्रबंध निदेशक हैफेड , निदेशक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग , मुख्यमंत्री तथा उपायुक्त को पत्र लिखकर यह मांग की है कि वे शीघ्र उनके चावल का भुगतान करवाया जाए।

निजी चावल मिल मालिक एसोसिएशन ने पत्र में बताया कि वर्ष 2023-2024 का सीएमआर धान अक्तूबर 2023 में एजेंसियों के माध्यम से चावल मिलों को मिलिंग के लिए दिया गया था जिसकी भौतिक सत्यापन(पीवी) दिसंबर माह के अंत तक जारी है। सभी राईस मिलों में धान पूरी पाई गई है। मिल मालिकों के अनुसार सरकार द्वारा नई पॉलिसी जारी करने के कारण धान की कुटाई का कार्य प्रारम्भ करने की अनुमति नहीं मिली। नई नीति के अनुसार मिल मालिकों से एक नाजायज अंडरटेकिंग फार्म मांगा गया जो कि पिछले वर्ष की नीतियों में शामिल नहीं है। राइस मिलर्स इसे देने में असमर्थ हैं।

### फोर्टिफाईड चावल की गुणवत्ता की जिम्मेदारी मिलर्स पर डाली

मिल मालिकों के अनुसार फोर्टिफाईड चावल की गुणवत्ता की जिम्मेदारी मिलर्स पर डाली गई है जबकि प्रति वर्ष फोर्टिफाईड चावल की जिम्मेदारी उसकी निर्माता कंपनियों की होती थी। वे ही मिलों तक इसकी सप्लाई करते थे तथा सत्यापन सर्टिफिकेट भारतीय खाद्य निगम द्वारा सत्यापित लैब द्वारा दिया जाता है। इसके उपरांत भी फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता की जिम्मेदारी राइस मिलर्स पर डाल दी गई है जो कि सरासर गलत है। चावल मिल मालिकों की मांग है कि यह सारी जिम्मेदारी फोर्टिफाईड राइस के निर्माताओं पर ही होनी चाहिए। चावल भुगतान की तिथि गत वर्षों में एक नवंबर से शुरू हो जाती थी और उसी के अनुसार सभी ने नीति बनाई हुई है जो अब तक दो माह समय की देरी हो चुकी है। मिलर्स का कहना है कि मिलिंग में देरी होने की वजह से जहां एक ओर मिल मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है वहीं दूसरी और राईस मिलों में काम करने वाले प्रदेश व अन्य प्रदेशों से आए मजदूरों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। इसके कारण मिल मालिकों को मिलिंग कार्य करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## हरियाणा की संस्कृति सबसे समृद्ध : यशपाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा की संस्कृति सबसे समृद्ध है। यहां के रीति रिवाज, परंपरा व लोक संस्कृति विश्वभर में सबसे श्रेष्ठ है। हरियाणा पैवेलियन में प्राचीन व आधुनिक हरियाणा के दर्शन हो रहे हैं। इस प्रयास के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है। यह विचार फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा लगाए गए हरियाणा पैवेलियन का अवलोकन करने के बाद व्यक्त किए। हरियाणा पैवेलियन में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पुनिया, डॉ. ज्ञान चहल व डॉ. सुशील टाया ने उनका स्वागत किया। हरियाणा की आन बान और शान की प्रतीक उन्हें पगड़ी बांधी गई। अभिनेता यशपाल शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा की लोक संस्कृति का बेहद सुंदर ढंग से प्रचार प्रसार कर रहा है। ब्रह्मसरोवर के तट पर हरियाणा के दर्शन हो रहे हैं। इस अवसर पर हरियाणवी फिल्म अभिनेता रामपाल बल्हारा ने कहा कि हरियाणा पैवेलियन में आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। खासतौर पर प्रस्तुत किए गए गाने जीजा तू काला मैं गोरी को सुनकर 40 साल पहले बनी चंद्रावल फिल्म की यादें ताजा हो गई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा, रामपाल बल्हारा व उनके साथ आए अन्य कलाकारों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की तरफ से सम्मानित किया। फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने हरियाणा पैवेलियन में बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली।

**खबर संक्षेप**

## भारतीय संस्कृति पर आधारित होगा मेला

**पानीपत।** एसडी इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य रुचि शर्मा ने बताया कि सुरम्य भारत की धरोहर के रूप में 23 व 24 दिसंबर को दो दिवसीय कल्चरल फेयर का आयोजन स्कूल परिसर में किया जाएगा। यह कल्चरल फेयर, भारतीय परंपराओं और कलात्मकता के गुणों से भरपूर होगा जिसमें भारतीय संस्कृति के प्राचीन युग से लेकर आधुनिक युग तक के समाज का मार्गदर्शन करने वाले अग्रदूतों को म्यूजिकल ड्रामा द्वारा कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। हैंडलूम, हस्तशिल्प, विभिन्न राज्यों के लजीज व्यंजन, आदि के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा।

## दुष्कर्म का केस रद कर युवती पर किया केस दर्ज

**पानीपत।** पुलिस अफसर के बेटे पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती मजिस्ट्रेट के सामने 164 के बयान दर्ज कराते समय अपने साथ दुष्कर्म किए जाने की घटनरा से इंकार कर दिया। युवती का कहना था कि गलतफहमी के चलते उसने दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज करवाया था। वहीं थाना महिला पुलिस ने दुष्कर्म के दर्ज केस को रद्द कर दिया और शिकायत देने वाली युवती पर 182 के कार्रवाई की है। स्मरणीय है कि युवती ने जून 2023 में युवक पर केस दर्ज करवाया था।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टिकरी में एक दिवसीय कार्यशाला

# विद्यार्थियों के लिए स्कूल सेफ्टी नियमों को लेकर किया जागरूक

कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण कार्यालय द्वारा स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम, किशोर न्याय अधिनियम तथा पोक्सो एक्ट को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, टिकरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की गई। कार्यशाला के दौरान बच्चों की सुरक्षा को लेकर कार्य करने वाले विभिन्न विभागों जैसे बाल कल्याण समिति,जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग , पुलिस विभाग , स्कूल के अध्यापक तथा स्कूल के बच्चों द्वारा भाग लिया गया। अनिल लाठर द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए किशोर न्याय अधिनियम तथा पोक्सो एक्ट तथा स्कूल सेफ्टी के लिए जारी की गई गाइड लाइन के बारे में जानकारी दी गई । उनके द्वार बताया गया कि 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के साथ यदि कोई व्यक्ति यौन शोषण करता है तो उसकी रिपार्ट पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, सम्बन्धित पुलिस थाना, जिला बाल सरंक्षण कार्यालय, बाल कल्याण समिति में कर सकते हैं। स्कूल सेफ्टी की हिदायतों अनुसार प्रत्येक स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए, शिकायत पेटी होनी चाहिए ताकि किसी बच्चे को कोई समस्या है और वह सामने आकर अपनी समस्या के लिए बातचीत करने में संकोच करता है तो वह अपने मन की बात शिकायत पेटी के माध्यम से रख सकता है ताकि बच्चे की समस्या का समाधान हो सके । कार्यक्रम के दौरान रामेश्वर दास द्वारा कविता के माध्यम से बच्चों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संदेश दिया तथा बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी बच्चों को शपथ ग्रहण करवाई गई। पुलिस विभाग से लेडी कॉन्स्टेबल अल्का कंबोज द्वारा ट्रैफिक रूल तथा 112 की कार्यप्रणाली के बारे में पूर्ण जानकारी दी। बच्चो की सुरक्षा के विषय पर ड्राइंग, पेंटिग तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथन व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्राफी देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुदेश, डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी कमलेश, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत गुरमीत, स्कूल की प्रिंसिपल क्षमा, रुचि , इत्यादि मौजूद रहे।

### हैल्पलाईन नंबर की जानकारी दी

**तरावड़ी।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इंस्पैक्टर पवना देवी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों एवं छात्राओं को हैल्पलाईन नंबर की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्हें बताया गया कि यदि रास्ते में उन्हें कोई परेशान करता है, या फिर छेड़खानी करता है तो इसकी जानकारी डॉयल 112 एवं सरकारी हैल्पलाईन नंबर पर जरूर दें, ताकि तुरंत समय रहते उनकी सुरक्षा की जा सके। जानकारी देते हुए इंस्पैक्टर पवना ने बताया कि पुलिस विभाग ने स्कूल, कालेज व कोचिंग सेंटर आदि पर आने वाली बेटियों की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति फोर्स को डयूटी पर लगाया है। पुलिस विभाग की ओर से दुर्गा एप व दुर्गा पीसीआर जिला के स्कूल, कालेज व कोचिंग सेंटरों के बाहर लगातार गश्त कर महिलाओं की सुरक्षा करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक कर रही हैं। तरावड़ी शहर के राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सह-शिक्षा विद्यालय समेत आसपास के स्कूलों के पास दुर्गा शक्ति फोर्स को तैनात किया गया हैं। स्कूल लगने के समय और छुट्टी के समय छात्राओं को कोई परेशानी न हो, इसे देखते हुए छात्राओं को पुलिस हैल्पलाईन नंबर बताने के साथ-साथ उन्हें जागरूक किया जा रहा है। वीरवार को भी तरावड़ी शहर में छात्राओं को जागरूक किया व आवारागर्दी करने वाले युवकों को चेतावनी के बाद छोड़ा गया। इंस्पैक्टर पवना की अगुवाई में अभियान की शुरुआत की गई। वह दुर्गा शक्ति फोर्स सहित शहर के बीचों बीच स्कूलों में पहुंची। इस अवसर पर अभियान की इंचार्ज इंस्पैक्टर पवना, प्रिंसीपल पवन कुमार, एस.एम.सी. कमेटी के चेयरमैन सुनील ग्रोवर, मास्टर सतीश पंवार, दुर्गा शक्ति फोर्स से जुड़ी पूनम, मनदीप कौर, निशा व मीनू मौजूद रही।



# दुर्घटना बचाव के लिए लगाई साइकिलों पर रिफ्लेक्टर टेप

- सारथी फाउंडेशन ने शहर में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सारथी फाउंडेशन, एपीआई अंसल सोसायटी, सेक्टर 36 द्वारा एपीआई असंल में माली, गार्ड, कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम कर रहे मजदूरों तथा जीटी रोड पर जाने वाले साइकिल सवारों तथा नागरिक हस्पताल में खड़ी साइकिलों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई।

इस नेक कार्य में संस्था प्रमुख उषा कात्याल, वंदना आर्य, शालिनी भाटिया, सारिका गुप्ता, वनिता साहनी, शामिल रहे। वंदना आर्य एवम सारिका गुप्ता ने साइकिल सवारों को जागरुक करते हुए बताया कि नियमानुसार साइकिल पर आगे की तरफ सफेद रिफ्लेक्टर टेप बीच में पीली तथा साइकिल के पिछले हिस्से में लाल रिफ्लेक्टर टेप लगी होनी चाहिए, ताकि अंधेरे में भी साइकिल दिखाई दे। अक्सर रात अथवा ठंड में कोहरे के समय रिफ्लेक्ट लाइट्स ना लगे होने के कारण वाहन विशेषकर साइकिल दिखाई नहीं देती और बड़ी गाड़ियों की चपेट में आकर साइकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं और कई बार यह दुर्घटना उनकी मौत का कारण भी बन जाती है। उषा कात्याल ने बताया कि अभी दो दिनों में लगभग 80 साइकिलों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जा चुकी है। और आगामी महीनों में भी यह कार्य जारी रहेगा, स्कूलों में भी साइकिल पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जायेंगे और बच्चो को जागरूक किया जायेगा। शालिनी भाटिया ने सारथी संस्था के विषय में कहा कि उपरोक्त संस्था में अधिकांश महिलाएं जुड़ी हुई हैं। भविष्य में युवतियों के लिए सिलाई, मेहंदी, जूट के बैग, ब्यूटी पार्लर आदि के कोर्स शुरू किए जायेंगे साथ ही कक्षा में उन्हे, मानवाधिकार, स्त्री सशक्तिकरण, हाइजीन और उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा का महत्व, स्वावलंबन जैसे विषयों पर भी जागरूक किया जायेगा।

# उपराष्ट्रपति का अपमान किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा : राणा

- तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी व राहुल गांधी का फूंका पुतला
- उपराष्ट्रपति सहित देश के करोड़ों किसानों से माफी मांगें दोनों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में एवं जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित दाबडा के नेतृत्व में उपराष्ट्रपति की मिमक्रिी के विरोध को लेकर करनाल के घंटा घर चोंक पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी व राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले को फूंक कर रोष प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सांसद बनर्जी ने मंगलवार को संसद भवन मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन करते समय उनकी नकल की थी ओर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने इस की वीडियो बनाई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने उनके इस कृत्य को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है उन्होंने कहा कि गिरावट की भी कोई हद होती है क्या इस गठबंधन का यही चरत्रि है, देश के संवैधानिक पदों पर विराजमान लोगों का माखौल बनाना ऐसे नेताओं को शोभा नही देता।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उपराष्ट्रपति का अपमान देश के करोड़ों किसानों का अपमान है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित दाबडा ने चेतावनी देते हुए कहा कि कल्याण बनर्जी समेत विपक्ष के जितने भी सदस्य इस प्रकरण में शामिल थे वे जल्द उपराष्ट्रपति सहित देश के करोड़ों किसानों से माफी मांगें। इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा सहित मेयर रेणु बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, संजय राणा, अमृत लाल जोशी, रजनी प्रोचा, जिला सचिव मेघा भंडारी, जिला आई टी सेल सह प्रमुख मनमीत बावा, जिला मीडिया प्रमुख डॉ अशोक कुमार, कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान,युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित दाबडा, किसान मोर्चा महामन्त्री विनय संधू, सहित भाजपा के सभी जेष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संसद को विपक्ष विहीन बनाना चाहती है सरकार : कारसा

- कांग्रेस बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विचार (बुद्धिजीवी) विभाग के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर (डॉ.)कृष्ण कारसा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विचार (बुद्धिजीवी) विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पार्टी मुख्यालय 24 अकबर रोड़, नयी दिल्ली में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉ. गिरिजा व्यास ने की।

यह जानकारी बैठक से लौटने के पश्चात विभाग के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा, पजांब एवं हिमाचल प्रदेश के विचार विभागों के प्रभारी तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) कृष्ण कारसा ने एक भेंट वार्ता में बताया कि बैठक में आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक पूरे देश से आए हुए विभाग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव दिये। डॉ. कारसा ने बताया कि सत्ता पक्ष ने संसद से 142 सांसदों निलम्बित कर लोकतन्त्र की धज्जियां उडाई हैं। सरकार संसद को विपक्ष विहीन बनाना चाहती है। भारतीय संसदीय प्रणाली के इतिहास में यह पहली बार हुआ है। सरकार ने तानाशाही की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। आज देश के सामने लोकतंत्र को बचाना, गंगा जमुनी तहजीब को बचाना, पंडित नेहरू, महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के सपनों के भारत को बचाना और हिन्दू, मुस्लिम, सिख,ईसाई वाली संस्कृति को बचाना है। आज देश के सामने महंगाई, बेरोजगारी, साम्प्रदायिकता, जातिय वैमनस्य और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली जैसे ज्वलंत मुद्दे हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि विभाग के सभी कार्यकर्ता अपने अपने प्रदेशों में जाकर सरकार की विफलताओं और अपनी पार्टी की विचारधारा का प्रचार करें। डॉ. कृष्ण ने बताया कि लोकसभा चुनावों से पहले तीनों प्रदेशों का दौरा कर वह विभाग का प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर पर सगंठन खड़ा कर देगें।

## समाधि अभिषेक के साथ भंडारा महोत्सव आज से

**करनाल।** बाबा रामदास जी गिरि चेरीटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में 116वां शीतकालीन विशाल भंडारा महोत्सव बाबा रामदास जी गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 24 दिसंबर को कलवेहड़ी (करनाल) में आयोजित किया जा रहा है। गद्दी नशीन वैद्य देवेंद्र बत्रा के सानिध्य में महोत्सव की शुरुआत 22 दिसंबर को बाबा जी के समाधिभिषेक के साथ होगी। यह महोत्सव दो दिन तक चलेगा जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचेगे और दूर दराज से आए संतों की अमृतवाणी का प्रचार होगा। भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू ने बताया कि 22 दिसम्बर को प्रात बाबा जी का समाधिभिषेक मत्रों चारण पंडित चेतन देव शर्मा, शेखर शर्मा , सच्चिदानंद करेंगे। शाम 5 बजे माता रानी की चौकी होगी। जिसमें गौरव बत्रा, साबिया बत्रा व जैनिशा बत्रा मुख्य अतिथि होंगे।

# दो दिवसीय जापानी पैनल थिएटर वर्कशॉप आज

- स्कूलों के 35 शिक्षक जापानी शिक्षा तकनीक को सीखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस द्वारा करनाल में दो दिवसीय जापानी पैनल थिएटर वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें करनाल के विभिन्न स्कूलों के लगभग 35 अध्यापक अध्यापिकाएं प्राइमरी व प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इस जापानी शिक्षा तकनीक को सीखेंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला के लिए कल ही जापान से भारत पहुँचे दल का आज करनाल में निफा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह आहूजा, महिला विंग की सचिव डॉ भारती भारद्वाज, ज़िला सचिव हितेश गुप्ता व शहरी प्रधान मनिंदर सिंह शामिल रहे। करनाल पहुँचे इस दल में जापान के शीगाकिन यूनिवर्सिटी की प्रोफ़ेसर मसायो तानाका मुख्य ट्रेनर के रूप में शामिल हैं। मसायो पहले भी भारत व करनाल आ चुकी है और उसके माध्यम से करनाल के अध्यापकों को जापान जाकर भी इस कला को सीखने का अवसर मिला है। भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, मॉरीशस, मंगोलिया, श्रीलंका, आयरलैंड जैसे अनेक देशों में पैनल थियेटर की शिक्षा दे चुकी मसायो तानाका ने जापान के स्कूल अध्यापकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर टोक्यो पैनल थियेटर ऑर्गेनाइज़ेशन का गठन भी किया है। 22 व 23 दिसंबर की इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सेक्टर 12 स्थित गोल्डन मोमेंट्स में किया जा रहा है।

## पानीपत में पांच करोड़ से होंगे विकास कार्य

**पानीपत।** पानीपत शहरी विधानसभा में शहरी विधायक प्रमोद विज के द्वारा करीब पांच करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे।



विकास कार्यों में मॉडल टाउन के सौन्दर्यकरण के तहत दो वीआईपी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा एवं शहर की टूटी सड़कों एवं नालियों की मरम्मत के साथ- साथ पार्कों के फुटपाथ की मरम्मत की जाएगी।

इन प्रोजेक्टस के आने के बाद शहर की खूबसूरती बढ़ेगी एवं जनजीवन आसान होगा क विधायक बहुत समय से कार्यो को पूर्ण कराने हेतु प्रयासरत थे। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शीघ्र ही निर्माण कार्यो का शिलान्यास करके कार्य प्रारम्भ किए जाएंगे।

# राइजिंग सन स्कूल के छात्रों ने वुशु में उम्दा प्रदर्शन कर कमाया नाम

- एमएम पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



असंध के एमएम पब्लिक स्कूल मैं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें राइजिंग सन पब्लिक स्कूल के 35 खिलाड़ियों ने उम्र 14,17 व 19 आयु वर्ग भार में अलग-अलग भार वर्ग में भाग लेकर 8 गोल्ड ,10 सिल्वर व 12 ब्रांज कुल 30 मेडल हासिल करके अपने स्कूल का नाम रोशन किया खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधक श्री समर सिंह कल्याण, डायरेक्टर श्री गौरव कल्याण ,प्रिंसिपल कमांडर वी.के. बांगा जी, कोच कर्मवीर व रोमियो को दिया। गोल्ड मेंडल में हनी , हरीश ,आंचल ,कार्तिक, मनिका, रूद्र ,अभय और कनीश ने गोल्ड मेडल प्राप्त करके अपना दबदबा बनाया। सिल्वर मेडल में यशिका ,अवनी, वंशिका, अक्ष ,रितिका, वीर ,सार्थक हितांशी, सुलोचना और आयुष ने सिल्वर मेडल प्राप्त करके बाजी मारी। अंततः युग ,अनिका ,गुंजन ,कृतिका, दीपांशु ,इशांत, प्रियांशु, रमन, मनन, कृष ,पारस और रजत भी पीछे नहीं रहे।

# किसानों को दी एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन एप्लिकेशन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद से वीरवार को टीम करनाल दौरे पर पहुंची। टीम में श्रीमती जमुना नेगी, वनस्पति संरक्षण अधिकारी, श्रीमती अनिशा बानो,सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी व श्री गौरव चैहान, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान टीम द्वारा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न पद्धति जैसे की बीजोपचार, फेरोमोन ट्रैप, इत्यादि का विस्तार से जानकारी दी गई तथा नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (NPSS) डिजिटल एप्लिकेशन की प्रगतिशील किसानों को अवगत करवाया गया। उनके मोबाइल में एप्लिकेशन डाउनलोड करवाकर चलाके दिखाया एवं ट्राईकोडर्मा द्वारा बीज उपचार एवं मृदा उपचार के लिए ट्राईकोडर्मा पाउडर वितरित किया। इस मौके पर डॉ.सुरेश कुमार, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी, डॉ. मोहित कुमार, कृषि विकास अधिकारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग प्रदान किया।

### ऊंचा समाना गांव के खेल स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन

# खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का पढ़ाया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा उदय प्रोग्राम के तहत पुलिस अधीक्षक करनाल श्री शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में लगातार बच्चों और बड़ों को स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर सेमिनार लगाकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी क्रम में गांव ऊंचा समाना के खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों को नशा से दूर रहने बारे जागरूक किया गया। यह सामुदायिक आउटरीच प्रोग्राम सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने और प्रशासन व आमजन के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। इन आउटरीच प्रोग्रामों के तहत जिला करनाल सहित प्रदेश भर में समय-समय पर विभिन्न प्रोग्राम जैसे नशे के खिलाफ अभियान, साइकिल रैली व विभिन्न प्रकार के खेल आदि आयोजित करवाए जा रहे है। करीब दो घंटे चले इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुए डीएसपी ट्रैफिक करनाल सोनू नरवाल ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने और जीवन में कभी भी नशा ना करने का संदेश दिया और नशे से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से बताया गया तथा अपने खेल के प्रति ईमानदार होकर खेल में अधिक से अधिक रुचि लेने बारे प्रेरित किया। पुलिस उपाधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को बताया कि अगर हम अपने किसी भी कार्य को मेहनत और लगन से करेंगे तो हमे सफलता अवश्य मिलती है। तो इसी प्रकार उपाधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को अपने-अपने खेल में और अधिक लगन और ईमानदारी से मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। और बताया कि कैसे हम खेलों से जुड़कर अपने आपको सुधार कर एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते है और अपने समाज को बुराइयों से बचा सकते है।

## खबर संक्षेप

### भाकियू के प्रधान बने शमशेर

**इसराना।** इसराना के छोटू राम किसान भवन में वीरवार को हुई बैठक में पानीपत किसान भवन के लिए ब्लॉक इसराना कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। पानीपत किसान भवन के प्रधान सूरजभान रावल की देखरेख में हुई बैठक में शमशेर मलिक सींक को प्रधान व अजमेर कुहाड कारद को उपप्रधान घोषित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सूरत सिंह कुंडू शाहपुर ने की। इस अवसर पर भाकियू के जिला प्रधान सूरजभान रावल, पूर्व जिला प्रधान चूहड़ सिंह, जयकर्ण कादियान, प्रदीप जागलान, मनोज नौल्था, शमशेर डिडवाडी, देवेंद्र जागलान, आनंद जागलान आदि शामिल हुए।

### साहिबजादों की याद में रक्तदान कैंप 23 को

**पानीपत।** हिंदू और हिंदुस्तान की रक्षा लिए शहादत देने वाले साहिबजादो की याद में 23 दिसंबर को रेडक्रॉस मे लगाया जाएगा रक्तदान शिविर यह बात जोगिंदर स्वामी प्रधान जन आवाज सोसाइटी एवं पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि यह कैंप शहीदी दिवस पर साहिबजादों को समर्पित होगा जिन्होंने देश और धर्म के लिए अपनी बलिदानी दी।

### युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करेगी पुलिस

**पानीपत।** पानीपत पुलिस के एएसपी मयंक मिश्रा ने वीरवार को जिला सचिवायल में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से चुस्त दुरूस्त बनाने को लेकर खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस द्वारा गांव के युवाओं के लिए 27 से 30 तक चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

### जेवर खरीदने वाला गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर-18 में शक्ति आर्य के मकान से चोरी हुए करीब 12 लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी के जेवरात खरीदने वाले आरोपी सचिन निवासी शामली यूपी को पानीपत जेल से बुधवार को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर न्यायालय में पेश किया एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दुखी

**पानीपत।** कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव गढ़ी सिकंदरपुर का दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि भाजपा -जजपा गठबंधन सरकार हरियाणा की जनता जी का जंजाल बन चुकी है। प्रदेश का हर वर्ग दुखी है।

### नव वर्ष पर मंदिर में होगा यज्ञ

**समालखा।** नववर्ष पर एक जनवरी को श्री चुनकट ऋषि जी महाराज लकीसर बाबा मंदिर में हवन, कीर्तन और भंडारा होगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी प्रधान सत्यवीर गुप्ता, मास्टर रामबिलास गुप्ता, राकेश गर्ग ने बताया कि एक जनवरी को श्री चुनकट ऋषि जी महाराज लकीसर बाबा के मंदिर में बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### शहीदी दिवस पर कार्यक्रम 23 को

**पानीपत।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी व 348 वें साहबजादे के शहीदी दिवस को समर्पित 43वां सलाना शहीदी समागम 23-24 दिसंबर को गुरूद्वारा श्री अमर दास जी सिंह सभा सेक्टर 13-17 हुडा में मनाया जाएगा। यह जानकारी सेवादार जितेंद्र नारंग व सतनाम सिंह ने देते बताया कि 23 दिसंबर शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक 24 दिसंबर सुबह 5.30 से दोपहर 2.30 बजे तक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। जिसमें भाई हनतेंद सिंह लुधियाना वाले बीबी परमजीत कौर पमा बहन ,बीबी कोला अमृतसर वाले कीर्तन व कथा द्वारा संगत को निहाल करेंगे।

### शोभायात्रा में ढोल नगाड़ों के साथ लोग थिरकते नजर आए

# शोभा यात्राओं के साथ श्रीमद् भगवत गीता महोत्सव का हुआ शुभारंभ

- शोभा यात्राओं में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद समेत बड़ी संख्या में संत व गीता प्रेमी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** श्री गीता महोत्सव को संबोधित करते हुए गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद।

विश्व विख्यात ऐतिहासिक व टेक्सटाइल नगरी पानीपत वीरवार को श्रीमदभगवत गीता के रंग में रंगा नजर आया। गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में वीरवार को दो स्थानों से शोभा यात्रा शुरू हुई और इंसार बाजार में आकर मिली और आगे श्री देवी मन्दिर में जाकर शोभा यात्रा का समापन हुआ। गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में भाग लिया। इतना ही नहीं 25 अलग-अलग विद्यालयों से विद्यार्थियों ने शोभा यात्रा में शिरकत कर शोभा यात्रा को चार चांद लगाए। शोभा यात्रा में महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द भाग लिया। शोभा यात्रा के प्रारम्भ से पूर्व हैदराबादी रामलीला ग्राउण्ड में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं हजारों की संख्या में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गीता में सबसे बड़ा संदेश कर्मयोग का है। इसलिए हम सबको कर्मयोगी बनना चाहिए और हम सबको अपने गुरूजनों के संदेश का पालन करना चाहिए, यही हमारे जीवन की सफलता का मूल मंत्र है। शोभा यात्रा में पूज्य महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने श्रीमदभगवत गीता को अपने सिर पर रखकर रथ पर स्थापित किया। शोभायात्रा हैदराबादी राम लीला ग्राउंड, सनौली रोड से शुरू हुई और बाजार से होती हुई इंसार चौक तक पंहुची। जबकि दूसरी यात्रा मुलतान भवन मॉडल टाउन से चलकर इंसार बाजार पहुंची और वहां से देवी मंदिर तक पहुंची। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़ों के साथ लोग थिरकते नजर आए। स्कूली बच्चों ने भाग लेकर इस शोभा यात्रा को और भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर, एडीसी वीना हुड्डा, एसडीएम मनदीप सिंह, नगर निगम पार्षद लोकेश नांगरू, चांद भाटिया, समाजसेवी सूरज दूरेजा, राजू शर्मा, पार्षद रविंद्र भाटिया, रमेश माटा, सुनील ग्रोवर, विमल बंसल, अनिल मदान, विकास गोयल आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव ददलाना के टीचर व विद्यार्थियों को पौधे भेंट करते हुए प्रो. दलजीत। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय स्कूल में पहला नैनो हर्बल गार्डन लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- नैनो हर्बल गार्डन में 80 से अधिक औषधीय पौधे रोपित किए

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ददलाना, पानीपत में नैनो हर्बल गार्डन का उदघाटन स्कूल के मुख्य अध्यापक सतीश कुमार व मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी पानीपत विजेंद्र सिंह हुड्डा और अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड परियोजना अधिकारी पानीपत विक्रम सिंह सहरावत शामिल हुए। ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज नैनो हर्बल गार्डन में 80 से अधिक औषधीय पौधे रोपित किए गए। वहीं, हुड्डा ने नैनो हर्बल गार्डन का उद्घाटन करते हुए कहा कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय ददलाना में प्रोफेसर दलजीत कुमार व विद्यालय के मुख्य अध्यापक सतीश कुमार द्वारा स्थापित किया गया पानीपत जिले का किसी भी स्कूल में स्थापित पहला नैनो हर्बल गार्डन है इसके लिए प्रोफेसर दलजीत कुमार का आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपनी मेहनत व अपने पैसे से ददलाना स्कूल में नैनो हर्बल गार्डन स्थपित किया है। इस दौरान वेदपाल प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ददलाना, अध्यापक नरेश अत्री, ममता वर्मा, चरणजीत राणा सरपंच प्रतिनिधि, कृष्ण लाल पंच, भगवानदास राणा पूर्व मुख्य अध्यापक, नरेन्द्र प्रकाश, अनिल कुमार, मीनू रानी, श्रीमती कंवलजीत कौर , बालकिशन आदि मौजूद रहे।


**समालखा।** सफाई की मांग को लेकर भाजपा नेता संजय छौक्कर से मिलते नागरिकगण।

## जनता की गुहार पर भाजपा नेता ने हटवाए गंदगी के ढेर

**समालखा।** समालखा में बस अड्डे पुल के नीचे लगे गंदगी के ढेर की वजह से आमजन को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर टैक्सी चालक भाजपा नेता संजय छौक्कर से मिले संजय छौक्कर ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने को कहा और मौके पर सफाई कर्मचारी और ट्रैक्टर ट्राली मंगवा कर सफाई कार्य शुरू करवाया और लोगों को आश्वासन दिया की जल्दी ही यहां सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से हो जायेगी ताकि भविष्य में आमजन को कोई कठिनाई का सामना ना करना पड़े इस अवसर पर टैक्सी चालक रणबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, विजय शर्मा, राजपाल सिंह, कर्मवीर,सुरेश कुमार,श्री ओम शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## भविष्य में मशीन इतनी बुद्धिमान हो जाएगी कि शल्य चिकित्सा भी करेगी

- पाइट में एआइसीटीई ने कराई अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, मलेशिया, दिल्ली व अन्य राज्यों से पहुंचे रिसर्चर, विद्वानों ने भविष्य की राह दिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा


**पानीपत।** पाइट में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस से पूर्व रिसर्च पेपर्स का विमोचन करते अतिथिगण।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व एडवाइजर डॉ.योगेंद्र मलिक ने कहा कि दुनिया बेहद जल्द बदलने वाली है। यह इतनी जल्द बदलेगी कि आप सोच भी नहीं सकते। मशीन इतनी ज्यादा बुद्धिमान हो जाएंगी कि खुद ही शल्य चिकित्सा कर सकेंगी। चिकित्सक दूर बैठकर निर्देश देंगे और मशीन इलाज कर देगी। यहां तक की खेती से लेकर प्रत्येक क्षेत्र में मशीन का दखल होगा। डॉ.योगेंद्र यहां पाइट कॉलेज में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पहले दिन बोल रहे थे। कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एवं मैथेमेटिकल एप्लीकेशंस पर हुई इस कॉन्फ्रेंस में डॉ.मलिक ने भारत में एआइ मिशन एवं मेडिकल इंडस्ट्री में एआइ विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अगर बदलती तकनीक के साथ तालमेल नहीं बैठाएंगे तो पीछे रह जाएंगे। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से पहुंचीं विशेष अतिथि डॉ.सुचिता उपाध्याय ने एआइ इन एग्रीकल्चर और एआइ इन लाइफ साइंस पर अपनी बात रखी। मलेशिया की यूनिवर्सिटी से डॉ.इराइवन ने मशीन लर्निंग और ओप्टीमाइजेशन पर शोध को साझा किया। उन्होंने कहा कि मशीन लर्निंग एक महत्वपूर्ण विषय हो गया है। दुनिया में इसी पर शोध हो रहे हैं। डाटा साइंस की मदद से सटीक निर्णय लिए जा सकते हैं। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि चौथी इंडस्ट्रियल क्रांति का वक्त आ चुका है। भारत को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, तभी हम दोबारा विश्व गुरु बन सकेंगे। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। आइटी में भारतीय दिमाग सर्वश्रेष्ठ है। हम प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कर सकते हैं। जरूरत है तो ज्यादा से ज्यादा पेटेंट और रिसर्च करने की।

### यह पाइट में पांचवां सम्मेलन

सचिव सुरेश तायल ने कहा कि यह पाइट में पांचवां सम्मेलन है। भविष्य में भी इस तरह के कॉन्फ्रेंस का रिसर्च एवं पेटेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, बीटेक आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के विभाग अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद, आरएंडडी विभाग की अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी एवं सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, क्लाउंड कंप्यूटिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग पर आधारित 22 शोध प्रस्तुत किए गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 185 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए थे। इनमें से 60 को स्वीकृत किया गया। इन्हीं में से 50 पेपर अब टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप की ओर से पब्लिश होंगे। पिछले एक साल से इस कॉन्फ्रेंस की तैयारी चल रही थी। शुक्रवार को राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मलेशिया से रिसर्चर एवं कीनोट स्पीकर पहुंचेंगे।

## भाजपा-जजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल : कुंडू

- भाजपा-जजपा गठबंधन का हरियाणा की सभी दस सीटों से सफाया हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू का स्वागत करते हुए सैनी कालोनी निवासीगण। फोटो : हरिभूमि

युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार हर मोर्च पर बुरी तरह से फेल हो चुकी है। वहीं प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से परेशान है और मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में अगली सरकार जहां कांग्रेस की बनेगी, वहीं लोकसभा चुनाव में भी भाजपा-जजपा गठबंधन का हरियाणा की सभी दस सीटों से सफाया हो जाएगा। कुंडू, वीरवार को पानीपत ग्रामीण हलके की सैनी कालोनी, काबडी रोड पर कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडों कार्यक्रम के तहत आयोजन जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। वहीं, कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण ही राज्य में बेरोजगारी, अपराध व भ्रष्टाचार का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। वहीं कार्यक्रम में उमडी भीड ने कांग्रेस व सचिन कुंडू का समर्थन करने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व पार्षद जय कुमार बिंदल, मदन लाल मजोका, सुशील कुमार, विनय मल्होत्रा, वंश सैनी, दीपांशु, अनिल गुर्जर, मोहित बिंझोल, संदीप बुडशाम आदि अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** भाजपा नेतागण, राहुल गांधी का पुतला जलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

- राहुल गांधी ,कल्याण बनर्जी तथा उनका पूरा घमंडिया इंडी गठबंधन देश से माफी मांगे

कांग्रेस तथा उसका इंडी, घमंडिया गठबंधन लोकतंत्र तथा संविधानिक पदों की मर्यादा तार तार करने में जुटे है। पहले लोक सभा में नेता प्रति पक्ष द्वारा राष्ट्रपति जो की आदिवासी समाज की महिला है उसका अपमान और अब टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड की मिमिक्री करना तथा राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो शूट करना अन्य सांसदों का ठहाके मारना ये दशार्ता है कि कांग्रेस, राहुल गांधी तथा उनका घमंडिया इंडी गठबंधन लोकतंत्र का तथा संविधानिक पदों का सम्मान नहीं करता है। राहुल गांधी ,कल्याण बनर्जी तथा उनका पूरा घमंडिया इंडी गठबंधन देश से माफी मांगे। ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर अपमान करने पर तथा राहुल गांधी द्वारा उस शर्मनाक करतूत का वीडियो बनाने के विरोध में सनौली रोड सब्जी मंडी शिव चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंकने के बाद जन समूह को संबोधित करते हुए कहे। जन समूह को संबोधित करते हुए भाजपा किसान जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ने कहा कि ये अपमान उप राष्ट्रपति पद का तो है साथ ही अन्नदाता किसान का भी अपमान है। देश का पेट भरने वाले किसान का अपमान किसी कीमत पर सहन नही होगा।


**पानीपत।** कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाली दलित महिला को प्रमाण पत्र भेंट करते विज्ञानिकगण। फोटो : हरिभूमि

## स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने दलित नारी : डॉ. गर्ग

**पानीपत।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में पांच दिवसीय फल एवं सब्जी संरक्षण व दुग्ध और उसके मूल्यवर्धित उत्पाद विषयों पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं को फल व सब्जियो के संरक्षण से बनने वाले उत्पाद व दूध से बनने वाले मूल्यवर्धित उत्पादों को बनाने की ट्रेनिंग देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना था। केंद्र द्वारा प्रत्येक वर्ष अचार व मुरब्बा , नर्सरी उत्पादन, कटिंग एंड टेलरिंग, बकरी उत्पादन, स्प्रे तकनीक, डेरी फार्मिंग, खुंभी उत्पादन इत्यादि विषय पर अनुसूचित जाति के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें महिला सशक्तिकरण में बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर राजबीर गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। फल व सब्जी संरक्षण के तहत विभिन्न प्रकार के अचार- मुरब्बे बनाना व दूध के मूल्यवर्धित उत्पाद जैसे पनीर, रसगुल्ले व अन्य मिठाई आदि बनाना बहुत ही अच्छा व्यवसाय है व यह एक सदाबहार व्यवसाय हैं, इस व्यवसाय को महिलाएं छोटे स्तर पर भी शुरू कर सकती हैं तथा अपने आपको आर्थिक तौर पर सशक्त बना सकती है। ये व्यवसाय कम लागत पर अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है व महिलाएं इस व्यवसाय को करते हुए अपने निजी कार्य को भी सुचारू रूप से देख सकती हैं। अतिरिक्त इस व्यवसाय की समय के साथ डिमांड भी बढ़ती जा रही है।


**पानीपत।** गुरुद्वारा गुरू रामदास में रागी जत्था जगजीत सिंह बंबीहा कीर्तन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा कमेटी ने करवाया सफर-ए-शहादत समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- सच्चे मन से समर्पित होने पर ही मिलती है परमात्मा की कृपा : सिंह

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रचारक भाई बचित्तर सिंह ने कहा कि अकाल पुरुख परमात्मा को सच्चे मन से मानना होगा। केवल पूजा करके उनकी कृपा का पात्र नहीं बना जा सकता। मन से उन्हें स्वयं को समर्पित करना ही उनकी सच्ची पूजा है। वे गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास में सफर ए शहादत कार्यक्रम श्रृंखला के तहत हरियाणा कमेटी द्वारा करवाए गए समागम में संगत का मार्गदर्शन कर रहे थे। ईश्वर की कृपा का पात्र बनने के लिए सच्चे मन से उन्हें मानना पड़ता है। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि हमें गुरबाणी अनुसार ही जीवन यापन करना चाहिए। रागी भाई जगजीत सिंह बंबीहा दिल्ली वाले ने शब्द कीर्तन किया। इससे पहले प्रचारक भाई सिमरनजीत सिंह ने दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा श्री आनंदपुर साहिब का किला छोडनेका प्रसंग संगत को सुनाया। कथावाचक भाई गुरजोत सिंह, कथावाचक भाई प्रदीप सिंह, कवि अवतार सिंह तारी, ढाडी भाई गुरप्रीत सिंह लांडरा ने भी सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के जीवन प्रसंग पर आधारित रचनाओं से संगत को भावविभोर किया। समागम में हरियाणा कमेटी के संयुक्त सचिव मोहनजीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के महासचिव रमणिक सिंह मान ने कहा कि सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने शहादत के जाम पी लिए, लेकिन सिखी नहीं छोड़ी। साहिबजादों ने धर्म व सिखी के लिए जीवन का बलिदान कर दिया।

### विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में आगमन पर स्वागत

# खो-खो खेलने से निखरती है तंदुरुस्ती व कौशल

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज की बीए तृतीय वर्ष की खिलाड़ियों अन्नू, निकिता, मनीषा, साक्षी, ऋतु, अंजलि और निशा के बेहतरीन खेल के दम पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय को 3-7, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा को 1-9, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला को 5-7, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 3-8 और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को पराजित किया। विवि की जीत में कॉलेज की सातों खो-खो खिलाड़ी जो सभी नेशनल मेडलिस्ट भी हैं। विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में आगमन पर स्वागत प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.सुशीला बेनीवाल, डॉ.एसके वर्मा, प्रो.रजनी, कोच अंकुश मलिक, ग्राउंड्स मैन प्रताप और अन्य प्राध्यापकों ने किया। प्रधानने कहा कि कॉलेज के खिलाड़ियों ने नियमित जीत के परचम लहरा रखे हैं जिस पर उन्हें गर्व है। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि खो-खो के खेल में किसी प्रकार की वस्तुओं की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इसलिए सभी वर्ग के छात्र-छात्राएं इस खेल में भाग ले सकते हैं। खो-खो का खेल खुले मैदान में खेला जाता है जिससे हमारा शरीर चुस्त और तंदुरुस्त बना रहता है। हम भरपूर ऊर्जा, तंदुरुस्ती और कौशल खुद में पैदा करना चाहते हैं तो खो-खो इसके लिए सबसे उचित खेल है। अन्नू, निकिता, मनीषा, साक्षी, ऋतु, अंजलि और निशा पर उन्हें नाज है।

## खबर संक्षेप

### शराब सहित दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी धर्मबीर उर्फ दवद्रिं को 9 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया गया है। एक अन्य मामले में आरोपी विशाल को 52 पव्वे शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गोल्डी को गिरफ्तार किया है। धनौरा के रोहित ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 दिसंबर को गांव धनौरा में आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ गोल्डी व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### मारने की धमकी देने का आरोपित पकड़ा

**अंबाला।** अंबाला शहर में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आठ आरोपी पहले पकड़े गए हैं। रतनगढ़ के दीपक ने 20 फरवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पेट्रोल पंप रणजीत नगर के पास आरोपी साहिल व अन्य ने उसे, उसकी पत्नी व उसके बुआ के पुत्र को डंडे, लोहे रॉड से हमला कर जख्मी कर दिया था। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी थी।

### विशेष अभियान चलाया पुलिस ने किए चालान

**अंबाला।** पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनश्चिति करने एवं यातायात के नियमों की पालना हेतु शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान रफ ड्राइविंग व गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के चालान किए गए।

### विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई

**अंबाला।** अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आजाद भारत में सबसे बड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही हैं। पिछले साढे नौ वर्षो में विकास के नाते देश मे जो आयाम स्थापित किए जा रहे है उस बारे यात्रा के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही हैं।

### 90 ग्राम अफीम सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 आरोपितों को 90 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम सांयकालीन गश्त दौरान बस अड्डा क्योड़क के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि महेश गिरी बाबा डेरा निवासी देवगिरी अफीम बेचने का धंधा करता है।

### दो दुकानों के टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर दो दुकानों के ताले तोड़ कर सामान तथा नगदी को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

---

3209 मीटर लंबी सुरंग टी-1 के ब्रेक थ्रू के दौरान रेलवे इंजीनियर्स को कई चुनौतियों का करना पड़ा सामना

# कश्मीर घाटी जुड़ेगी शेष रेलवे नेटवर्क से, कटरा-बलिहाल सैक्शन के बीच टनल टी-1 का ब्रेक थ्रू करने में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

रेलवे ने ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला (यूएसबीआरएल) रेल परियोजना के तहत निर्माणधीन कटरा-बनिहाल सैक्शन के बीच टनल टी-1 का ब्रेक-थ्रू करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वीरवार को 3209 मीटर लंबी सुरंग टी-1 के ब्रेक-थ्रू के दौरान लाइन और लेवल को सटीक तरीके से सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। यह शानदार उपधि प्रगति और संपर्क विस्तार की दिशा में एक बड़ी छलांग साबित होगी। राष्ट्रीय रेल परियोजना के अंतर्गत उत्तर रेलवे के लिए कोंकण रेल निगम लिमिटेड द्वारा रियासी जिले में कटरा के निकट त्रिकुटा पहाड़ियों की तलहटी में सुरंग टी-1 का नर्मािण किया जा रहा है। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत यह ब्रेक-थ्रू इस लिहाज से एक शानदार उपलब्धि है कि इस परियोजना के लिए सभी आवश्यक सुरंगों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

### दुर्गम क्षेत्र और सुरंग के अंदर से भारी मात्रा में आने वाले जल प्रवाह का भी करना पड़ा सामना

**अनेक बाधाएं सामने आई**

111 किलोमीटर के चुनौतिपूर्ण क्षेत्र वाला कटरा-रियासी के हिस्से के निर्माण के दौरान अनेक बाधाएं सामने आईं। इसके लिए वैश्विक विशेषज्ञों को भी साथ लेने की आवश्यकता पड़ी। हिमालयन मेन बाउंड्री थ्रस्ट से होकर गुजरने के कारण सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण के रूप में जानी जाने वाली सुरंग टी-1 के निर्माण में अनेक भौगोलिक चुनौतियों, जिनमें दुर्गम क्षेत्र और सुरंग के अंदर से भारी मात्रा में आने वाले जल प्रवाह का भी सामना करना पड़ा। यह सुरंग निचले हिमालय से होकर गुजरती है और यह ज्वाइंटिड और फ्रैक्चर्ड डोलोमाइट वाली भी है। साथ ही इसका लगभग 300 से 350 मीटर का बड़ा हिस्सा एक बड़े जलप्रपात, जिसे कि मेन बाउंड्री थ्रस्ट के रूप में जाना जाता है से होकर गुजरता है। भारी जल प्रवाह वाले इस जलप्रपात की उपस्थिति के कारण इस हिस्से में सुरंग की खुदाई का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। प्रारंभ में, इस सुरंग की खुदाई परंपरागत एनएटीएम टनलिंग फिलोस्फी पद्धति से की गई किंतु मेन बाउंड्री थ्रस्ट के वस्किो-इलास्टिक प्लास्टिक मीडिया को व्यवस्थित करने के लिए इसे डीप ड्रेनेज पाइपों, अम्ब्रेला पाइप रूफिंग, केमिकल ग्राउटिंग, फेस बोल्टिंग, मल्टीपल ड्रफ्टि वाली सक्विेंसियल एक्सकेवेशन, रिजिड सपोर्ट और शॉटक्रेटिंग इत्यादि द्वारा खोदी जाने वाली आई-सस्टिम प्रणाली से पूरा किया गया। सुरंग की आई सस्टिम प्रणाली को अपनाकर एमबीटी के जरिए सुरंग टी-1 की खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया और इस प्रकार कटरा से बनिहाल तक नई रेल लाइन के नर्मािण की दिशा में एक नई उपलब्धि हासिल की गई।



अंबाला। टनल टी वन को ब्रेक थ्रू करते रेलवे के इंजीनियर्स।

**बेहद उल्लेखनीय**

इस उपलब्धि से कश्मीर घाटी को शेष भारत के रेल नेटवर्क से जोड़ने का स्वप्न साकार हो जाएगा। इस सुरंग का निर्माण ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के व्यापक संदर्भों में बेहद उल्लेखनीय है। इसके अंतर्गत कटरा और बनिहाल के बीच 38 सुरंगों का नर्मािण शामिल है। इस रेलमार्ग पर सभी सुरंगों का नर्मािण पूरा कर लिया गया है। इस परियोजना में बेहतर नियोजन और विभन्नि इंजीनियरिंग तकनीकों का इस्तेमाल करके बेहद लंबी और भौगोलिक दृष्टि से सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण 3209 मीटर लंबी टी-1 सुरंग की खुदाई का कार्य अब सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह भारतीय रेल की ढांचागत प्रगति की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक, खुदाई का 318 मीटर और कंकरीट लाइनिंग का 680 मीटर कार्य को बैलेंस कर लिया गया है। शेष कार्य पूरी रफ्तार से दिन-रात चल रहा है। भारतीय रेल कश्मीर घाटी को देश के शेष रेल नेटवर्क से जोड़ने के और करीब पहुंच रही है।

---

### अदालत ने कंप्लेंट सैल की पूरी जानकारी मांगी

# नगर निगम अधिकारियों के गले की फांस बनी गंदगी

कमिश्नर ने दिया शपथपत्र, कहा तीन घंटे में गंदगी की शिकायत का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों की गले की फांस बन गया है। इस मुद्दे पर लगातार अदालत में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान कई मौकों पर अदालत ने निगम अधिकारियों को फटकार भी लगाई है। अब अधिकारियों की ओर से एक शपथपत्र दायर कर यह दावा किया है कि निगम में सफाई की शिकायत पर तीन घंटे के भीतर कार्रवाई हो रही है। इसी आधार अब अदालत ने उन शिकायतों का ब्यौरा मांग लिया जिन पर तीन घंटे के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। सिविल जज डॉ. मुकेश कुमार की अदालत में निगम की कमश्निर की ओर से दायर शपथपत्र में यह दावा किया गया कि 3 घंटे में कूड़े की शिकायत पर कार्रवाई हो जाती है। इसके लिए बाकायदा कंप्लेंट सैल का नर्मािण किया गया है। शपथपत्र में इस बात का भी जक्रि है कि अगर 3 घंटे में शिकायत पर कार्रवाई नहीं होती तो



अंबाला। नगर निगम एरिया में लगे कूड़े के ढेर। फोटो: हरिभूमि

कूड़ा उठाने वाली एजेंसी की पेमेंट में कटौती की जाती है। शपथपत्र के आधार पर अब अदालत ने इसकी पूरी जानकारी मांगी है। अदालत ने ये जानकारी मांगी है कि कंप्लेंट सैल कब स्थापित की गई। कितनी शिकायतों का तीन घंटे में भी समधान नहीं हो पाया। इन शिकायतों की वस्तिार से जानकारी मांगी गई है। साथ ही कंप्लेंट सैल की ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर भी मांगा गया है ताकि सैल में शिकायत की जा सके। अदालत ने कहा ये नंबर बड़े पैमाने पर जनता के लिए भी प्रसारित करना चाहिए तभी सफाई को लेकर नागरिकों में जागरुकता आ सकती है। इससे पहले निगम अधिवक्ता ने अदालत में अनुपालन रिपोर्ट दस्तावेजों सहित प्रस्तुत की। अदालत को कमश्निर द्वारा जारी 25 नवंबर 2022 के पत्र के साथ बताया कि एमसी अंबाला में डोर टू डोर सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन और कचरे के नस्तिारण जैसे सभी कार्यों की मंजूरी 19 दिसंबर 2022 को दी गई। इस अनुमोदन पत्र के बिंदु संख्या 6 के अनुसार नगर पालिका को एजेंसी के माध्यम से शिकायत प्रबंधन सेल के साथ एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और 3 घंटे के भीतर सभी शिकायतों का समाधान करने का नर्दिश दिया था। 3 घंटे में ऐसा न करने पर इस अनुमोदन पत्र में दिए प्रावधान के अनुसार एजेंसी से आवश्यक कटौती की जाएगी। उधर याची रोहित जैन ने कहा था कि भारी बजट खर्च करने के बावजूद वे शहर की सफाई नहीं हो रही। सीएम फ्लाइंग ने भी शहर की सफाई की जांच की थी जो जमीन पर शून्य पाई गई थी।

**वकीलों ने दायर की याचिका**

अंबाला शहर की सफाई को लेकर कुछ साल पहले एडवोकेट रोहित जैन की अगुवाई में वकीलों की ओर से अदालत में एक याचिका दायर की थी। याचिका में साफ कहा गया था कि भारी भरकम बजट खर्च करने के बावजूद तमाम शहर में गंदगी के अंबार हैं। वकीलों की ओर से ऐसे 22 प्वाइंट्स का जक्रि याचिका में किया गया था जहां गंदगी के अंबार लगे हुए थे। याचिका के साथ ही गंदगी के फोटो भी साथ लगाए गए थे। इसके बाद अदालत ने मामले में निगम अधिकारियों को तलब कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। अफसरों की कार्रवाई पर नजर रखने के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई थी जोकि सफाई का मुआयना करेगी। इस कमेटी ने भी आदेश के बावजूद निगम अधिकारियों पर सफाई के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। इसी आधार पर अदालत को निगम के अधिकारियों की गाड़ियों तक अटैच करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालांकि अदालत के बढ़ते दबाव की वजह से अब निगम अधिकारी हरकत में दिख रहे हैं।

---

## पंचकूला में अनोखे ढंग से मनेगा युवा दिवस

- विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विधान सभा सचिवालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

पंचकूला में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को युवा दिवस अनोखे अंदाज में मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाला समारोह पंचकूला के 7 सरोकारों के साये में रहेगा। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने आयोजन की विस्तृत तैयारियों के लिए वीरवार को विधान सभा सचिवालय में पंचकूला के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। तय



हुआ कि आयोजन में जिला प्रशासन, नगर निगम, एचएसवीपी, स्वयंसेवी संगठनों और शिक्षण संस्थानों की भागीदारी रहेगी। बैठक में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, जिला आयुक्त सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त सुमेर प्रताप सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द कहते थे कि "सफलता प्राप्त करने के लिए, अटल धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए।" उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ-साथ नागरिक समाज की सक्रिय भूमिका जरूरी है। उन्होंने पंचकूला के लिए 7 सरोकारों की जो मुहिम शुरू की थी, अब वह जन-अभियान का रूप ले चुकी है। 7 सरोकारों का धरातल पर असर दिखाने के लिए स्वामी विवेकानन्द जयंती सबसे उपयुक्त अवसर है। इसलिए 12 जनवरी 2024 को शहर में इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा।

## जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियां पूरी

- आज-कल कलाकार सांस्कृतिक गतिविधियों में दिखाएंगे जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन अंबाला शहर के रामबाग मैदान (शिव मंदिर) में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज सुबह 9 बजे हवन यज्ञ के साथ होगा। दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभन्नि विभागों के स्टाल लगाए जाएंगे। यहां विभन्नि विभागों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। धार्मिक व सामजिक संस्थाओं द्वारा जो गतिविधियां की जा रही हैं उससे से संबंधित प्रदर्शनियां भी यहां पर लगाई जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि सोहन लाल डीएवी कॉलेज में 22 को गीता सेमिनार का भी आयोजन होगा। इसके साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर हरियाणा की संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। नगाड़ों, बीन वादक, डेरू पार्टी द्वारा अपनी बेहतर प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी जिसमें लोक कलाकारों व स्कूली वद्यिार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की रास लीलाएं, भजन गायन व अन्य प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

### मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार 18 जनवरी को जारी होगी सूची

**नारायणगढ़।** रिटर्निंग एवं उपमंडल अधिकारी सी जया शारधा ने बताया कि आयुक्त गुरूद्वारा चुनाव हरियाणा द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार हरियाणा सक्खि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। कोई भी मतदाता अपने दावे व आपत्तियां उप-मंडल अधिकारी व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में 3 जनवरी 2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने बताया कि दावे एंव आपत्तियों को प्राप्त करने की तिथि 3 जनवरी 2024 है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सुनवाई के लिए (नियम 13 (2)) के अन्तर्गत नोटिस जारी किया जाएगा जिसकी अंतिम तिथि 6 जनवरी है। उस व्यक्ति को वितरित किया जाएगा जिसके खिलाफ आपत्ति दर्ज की गई है। नए एडिशंस का पंजाबी में कन्वर्शन 15 तक किया जाएगा। बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निवारण रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 13 तक किया जाएगा। हरियाणा सक्खि गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 को किया जाएगा।

---

## ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन में फोर्टिस सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

एक अभूतपूर्व चिकित्सा प्रगति में, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने अपनी पहली हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जरी और तीसरी मृत डोनर किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह ऑपरेशन अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने इसे उत्तरी भारत में दिल्ली-एनसीआर तक पहला निजी हेल्थकेयर हार्ट ट्रांसप्लांट और मृत डोनर किडनी ट्रांसप्लांट के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया है।एडवांस हार्ट फेलियर से पीड़ति एक 50 वर्षीय पुरुष रोगी पर हार्ट ट्रांसप्लांट एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हेड-कार्डियक सर्जरी डॉ. टीएस महंत के नेतृत्व में



कार्डियक सर्जरी टीम द्वारा किया गया जिसमें डॉ अंबुज चौधरी, डॉ मनोरंजन साहू, डॉ आलोक सूर्यवंशी और डॉ मो. लुकमान शामिल हैं। इन्हें कार्डियोलॉजी के हेड़ व डायरेक्टर और कैथलैब्स के डायरेक्टर डॉ. आरके जसवाल और कार्डियोलॉजी के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अरुण कोचर के नेतृत्व वाली कार्डियोलॉजिस्टस की टीम ने भरपूर समर्थन दिया।यह ऑपरेशन 50-वर्षीय ब्रेन-डेड डोनर की बदौलत संभव हुआ, जिसने 67-वर्षीय प्राप्तकर्ता के लिए किडनी भी प्रदान की। डोनर के लीवर को 'ग्रीन कॉरिडोर' के माध्यम से जयपुर के एक अस्पताल में पहुंचाया गया। रोपड़ स्थित डोनर को इंट्राक्रैनियल ब्लीडिंग और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण 25 नवंबर को फोर्टिस अस्पताल मोहाली में भर्ती कराया गया था।

## रोड एक्सीडेंट में गोल्डन ऑवर महत्वपूर्ण

- सड़क दुर्घटनाओं में 70 % लोगों की जान तेज गाड़ी चलाने से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

" पिछले 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है , जबकि भारत में इसमें 15.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोल्डन ऑवर में किसी भी दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और आम जनता में इस पर जागरूकता जरूरी है।

अगर मरीज सही समय पर सही जगह पहुंच जाए तो बहुत सारी जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।" 'राइजिंग ट्रेंड ऑफ रोड एक्सीडेंट और ट्रॉमा सर्विसेज इन नॉर्थ इंडिया' पर गुरुवार को यहां



आईवीवाई अस्पताल, मोहाली द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते आईवी एलीट इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के चेयरमैन एंड एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ मनुज वाधवा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के मामले में पंजाब की सड़कें बहुत घातक हैं। 2022 में पंजाब में 6122 सड़क दुर्घटनाएं हुईं और सड़क दुर्घटनाओं में 4688 मौतें हुईं। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में 70 प्रतिशत लोगों की जान तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण जाती है।

**दोपहिया वाहन हादसे में मरने की संभावना ज्यादा**

सीनियर न्यूरोसर्जन डॉ विनीत सग्गर ने कहा,भारत में ट्रॉमा के मामलों में तेज गति से गाड़ी चलाना और सीट बेल्ट न पहनना सिर में चोट लगने के प्रमुख मामले हैं। इसके अलावा नशे में गाड़ी चलाना, लाल बत्ती तोड़ना, ड्राइवर का ध्यान भटकाना, ड्राइविंग लेन का पालन न करना और गलत साइड से ओवरटेक करना भारत में सड़क दुर्घटनाओं के अन्य कारण हैं। हेड इमरजेंसी डॉ चेतन गोयल ने साझा किया कि दोपहिया वाहन परिवहन के सबसे असुरक्षित तरीकों में से एक हैं। संयुक्त राष्ट्र मोटरसाइकिल हेलमेट अध्ययन कहता है, यात्री कारों के चालकों की तुलना में मोटरसाइकिल चालकों की सड़क दुर्घटना में मरने की संभावना 26 गुना अधिक है। उचित हेलमेट पहनने से उनके जीवित रहने की संभावना 42 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और मस्तिष्क की चोट का खतरा 74 प्रतिशत कम हो जाता है।

---

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे टीचरों को मिले पूरा वेतन, प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई मांग

**बराड़ा।** राजकीय प्राथमिक शक्षिक संघ 421 की एक बैठक आयोजन खंड प्रधान तरविंदर शर्मा की अध्यक्षता में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। खंड प्रधान ने कहा कि संगठन द्वारा प्रदेश सरकार को पहले भी आग्रह किया गया है कि सभी अध्यापकों को मेडिकल लीव की सुविधा प्रदान की जाए तथा जो भी अध्यापक अगर किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त कोमा की स्थिति में पहुंचता है, तो ऐसे समय में सरकार द्वारा अध्यापक को पूरा वेतन दिया जाना चाहिए। इस स्थिति में उसका अर्जित अवकाश भी नहीं काटा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आने वाली 24 तारीख को राजकीय प्राथमिक शक्षिक संघ 421 खंड की नई कमेटी का गठन राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया जाना है। उन्होंने सभी अध्यापकों को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर सुरेंद्र मोहन, सुनील चावला, जसपाल,विकास, तरसपाल, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

### गृहमंत्री अनिल विज ने दस लाख रुपये देने का किया ऐलान

# मिशन अस्पताल में आपरेशन थियेटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि उपासना घर एक चर्च, एक मंदिर, गुरूद्वारा व एक मस्जिद हो सकती है। उपासना एक अस्पताल भी हो सकती है। जहां भगवान के बंदों का ईलाज किया जा सकता है, ये अपने आप में बहुत बड़ी उपासना है और सेवा का यह कार्य धार्मिक भाव के साथ किया जाए तो सोने पर सुहागा होता है। विज वीरवार को मिशन अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। गृहमंत्री ने



अंबाला। नवनर्मिति आपरेशन थियेटर की सुविधाओं का जायजा लेते गृह एवं स्वास्थ्य अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

अस्पताल में बनाए गए मॉर्डन ऑप्रेशन थियेटर का भी उदघाटन किया। साथ ही अपने स्वैच्छिक कोष से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। विज ने इस मौके पर उपस्थित सभी को क्रिसमिस पर्व की भी बधाई देते हुए कहा कि निदेशक डॉ. सुनील सादिक के मार्गदर्शन में इस अस्पताल में मानव जाति की सेवा के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं। सादिक व अस्पताल की पूरी टीम हर समय मानव जाति की सेवा के लिए तत्पर रहती है।

**ये रहे मौजूद**

विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि यहां पर मॉर्डन ऑप्रेशन थियेटर का उद्घाटन हुआ है जिससे चिकित्सा सुविधा में डाक्टरों के साथ-साथ अन्य को इसका फायदा मिलेगा। समय में परिवर्तन आ रहा है, पहले टेबल पर ऑप्रेशन होते थे, अब आत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त मशीनों के माध्यम से ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास स्वास्थ्य विभाग है।अंबाला छावनी का नागरिक अस्पताल उत्तर भारत का सबसे बेहतरीन अस्पताल है। बीते दिनों यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक साथ 146 नए अस्पताल खोले गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। भारत 38 वां देश होगा जो विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल होगा। इससे पहले 37 देश विकसित राष्ट्र बन चूके हैं। मौके पर शैली खन्ना, बब्बू सोनी, डीएसपी रमेश कुमार के साथ मिशन अस्पताल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### युवा शक्ति के दम पर विकसित हो रहा देश

**शहजादपुर।** राजकीय महिला कॉलेज में वाणज्यि और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आइडिया फॉर विकसित भारत तथा हाउ टू हैंडल इंटरव्यू सक्सेसफूली विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। इसमें राजकीय महाविद्यालय मोरनी की प्राचार्या शैलजा छाबड़ा ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन करते हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नर्मिल सिंह ने उक्त विषयों की वस्तृित भूमिका प्रस्तुत की। प्राचार्य रजनी भल्ला ने कहा कि भारत एक युवा देश है और अपनी युवा शक्ति के बल पर यह विकसित राष्ट्र की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य वक्ता शैलजा छाबड़ा ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने में कर्म सद्धिांत सबसे महत्वपूर्ण है। देश के सभी नागरिक चाहे वह किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हों जब सभी अपने-अपने कर्म को पूरी निष्ठा और लगन से पूरा करेंगे।